the new industrial and trade policies so as tc make them contribute significantly to the foreign exchange earnings of the country.

The table below gives the inflo\ and outflow of foreign exchange fo the years 1986-87, 1987-88, 1988-89 1989-90 for 50 industrial houses.

(Value Rs Crores

	1986-87	1987-88	1988-89	1989-9
Foreign Exchange inflow . . .	539	1176	1993	2715
Foreign Exchange Outflow . . .	1058	4251	3024	387

The Statement at Annexure gives the details of the export performance cf the 50 select industrial houses for the year 1986-87 to 1989-90.

[See Appendix CLX, Annexure No. 48]

"तुलसी सदन पुस्तकालय" का कार्यकरण

1175. **श्रीमती वीणा वर्मा :**
श्रीमती कैलाशपति :
श्री कपिल वर्मा :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय भाषाओं का एकमात्र पुस्तकालय "तुलसी सदन" गत दो वर्षों से बंद पड़ा है ; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ख) यह पुस्तकालय कब स्थापित किया गया था ;

(ग) इस पुस्तकालय में कितनी पुस्तकें हैं और प्रत्येक वर्ष खरीदी गयी पुस्तकों का पूर्ण ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या यह भी सच है कि सरकार इस पुस्तकालय का विलय दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के साथ करने का विचार रखती है ; और

(ङ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और विधि, न्याय तथा कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रंगराजन कुमारमंगलम्) : (क) जी, हां, व्यापक मरम्मत के लिए ।

(ख) 1974 में ।

(ग) लगभग 1,44,500 जिन्हें अनुपत्र में दर्शाया गया है । [देखिए परिशिष्ट CLX परिपत्र सं० 49]

(घ) जी, हां ।

(ङ) जिससे कि पुस्तकों का प्रयोग अधिक से अधिक हो सके ।

आंगनबाड़ी कर्मकारों की मजदूरी

1176. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 23 अगस्त, 1991 के "नवभारत टाइम्स" में "आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने गिरफ्तारियां दी" शीर्षक के अन्तर्गत छपे समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि आंगनबाड़ी योजना के अन्तर्गत कार्यरत महिलाओं को अब तक सरकारी कर्मचारियों का दर्जा नहीं दिया गया है ;

(ग) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इस योजना के अन्तर्गत उच्च पदों पर कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों को सरकारी कर्मचारियों का दर्जा दिया गया है और उन्हें समय-समय पर सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को दी जा रही सुविधाओं के समान सभी सुविधाएं दी गई हैं ; और

(घ) यदि हां, तो इस योजना के अधीन क्षेत्र में सक्रिय रूप से काय कर रही महिलाओं को सरकारी कर्मचारियों का दर्जा न दिये जाने के क्या कारण हैं ?